राज्यपाल सचिवालय

राज भवन, जयपुर

प्रोटेम स्पीकर के रूप में श्री कालीचरण सराफ ने ली शपथ

राज्यपाल श्री मिश्र ने दिलाई शपथ

जयपुर, 18 दिसंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सोमवार को राजभवन में आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक श्री कालीचरण सराफ को प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री सी.पी. जोशी, श्री वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री श्री प्रेम चंद बैरवा सहित अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे। प्रोटेम स्पीकर शपथ ग्रहण समारोह की कार्यवाही का संचालन प्रमुख सचिव संसदीय कार्य विभाग श्री ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने किया।